हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 9 नवंबर 2024

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

10 बैठक में पेंशनरों ने जमा किया जीवन प्रमाण पत्र

11 राज्योत्सव पर जिले में जल जतन अभियान का शुभारंभ




## खबर संक्षेप

### कॉलेज में नए प्राचार्य ने किया पदभार ग्रहण



**डौंडीलोहारा।** नगर के शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में नए प्राचार्य डॉ. रोशन आरा ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। शैक्षणिक एवं कार्यालयीन स्टाफ द्वारा पुष्प गुच्छ, पेन एवं मिठाई खिला कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी स्टॉफ एवं विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त किया। अवगत हो कि 2006 से संचालित नगर के एकमात्र शासकीय महाविद्यालय में प्रथम बार किसी प्राचार्य ने पदभार ग्रहण किया है। इसके पूर्व इस महाविद्यालय के सभी प्राचार्य प्रभारी के रूप में कार्य किये। स्टॉफ एवं विद्यार्थियों से संवाद करते हुए नई प्राचार्य ने महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु आशान्वित नजर आईं।

### प्रथम सेमेस्टर परीक्षा का पंजीयन कराने पुनः खोला गया पोर्टल

**गुरूर।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के अंतर्गत सत्र 2024–25 में प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र छात्राओं के लिए पंजीयन पोर्टल अंतिम बार 10 नवंबर तक के लिए पुनः खोला गया है। स्व. डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरुर के प्राचार्य केएल रावटे ने बताया कि प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन पंजीयन कराकर, ऑनलाइन आवेदन की हार्डकॉपी, आवश्यक दस्तावेज और शुल्क के साथ महाविद्यालय में 11 नवंबर तक जमा कर सकते हैं।

### चाकू से हमला करने वाले दो युवक गिरफ्तार




**गुण्डरदेही।** ग्राम जरवाय में गुरुवार को दोपहर हुई घटना के दो मुख्य आरोपी को आखिरकार रनचिरई पुलिस ने पकड़ कर जेल भेज दिया है। बता दें कि गुरुवार को जरवाय में दो अज्ञात स्कूटी सवार युवक अर्जुन साहू के घर घुसकर सड़क निर्माण कार्य के लिए पाइप रखना है कहकर घर में मौजूद उनके पुत्र हेमशंकर साहू व बहू लीना साहू पर धारदार चाकू से हमला कर फरार हो गए थे। पीड़ित परिजन की रिपोर्ट पर रनचिरई पुलिस ने घटना के बाद आस पास के सीसीटीवी कैमरे की मदद से शुक्रवार को दोनों फरार आरोपी शिव प्रशांत पिता टीडब्लू 20 वर्ष व दूसरा आरोपी मोंटी उर्फ निश्चय पिता दीपक चेलकर 28 वर्ष दोनों दुर्ग निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्रदर्शन : केंद्रों के लिए गैस सिलेंडर, चूल्हा व मानदेय की जगह वेतनमान मांगा

# महंगाई भत्ता, पदोन्नति सहित 8 मांगों को लेकर आंबा कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना दिया। जिला मुख्यालय से लेकर ब्लॉक मुख्यालयों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने धरना दिया और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम पर 8 अलग-अलग मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने कहा कि नियमितकरण होना चाहिए, वेतन में वृद्धि होना चाहिए, सेवा नृवित्ती के बाद पेंशन मिलना चाहिए, समूह बीमा योजना लागू करना, अनुकम्पा नियुक्ति, महंगाई भत्ता, पदोन्नति सहित सभी केंद्रों में गैस सिलेंडर और चूल्हा प्रदान किया जाए और सिलेंडर की रिफलिंग की व्यवस्था सुगम किया जाए।

उल्लेखनीय है कि आंगनवाड़ी वर्कर और कार्यकर्ताओं के साथ सबसे बड़ी समस्या उनके मानदेय को लेकर है। इसी परिप्रेक्ष्य में ब्लाक के आंगनबाड़ी में कार्यरत महिलाएं अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़ने मजबूर हैं। इनके प्रमुख मांग 50 वर्षों से कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियमित करके शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए एवं शासकीय ▶▶| शेष पेज 10 पर

### प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम पर ज्ञापन सौंपा



### आंबा कार्यकर्ताओं ने नियमितीकरण की भी रखी मांग



**गुरूर।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संयुक्त मंच अपने नियमितीकरण, महंगाई भत्ता, पदोन्नति, जीने लायक वेतन, सेवा निवृत्ति पश्चात पेंशन ग्रेच्यूटी, अनुकंपा नियुक्ति, समूह बीमा योजना लागू करने की मांग कर रही है। संयुक्त मंच ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं द्वारा रैली निकालकर नगर के अंबेडकर चौक, बस स्टैंड, धनेली चौक से होते हुए नगर का भ्रमण किया। नगर सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्र से कार्यकर्ता इस धरना में शामिल रहे। नगर व ग्रामीण क्षेत्रें के आंगनबाड़ी क्रेंद्र पूरी तरह बंद रहे। कार्यकर्ताओं ने मांग पूरी नहीं होने पर आगे और धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

### वरिष्ठता के आधार पर की जाए पदोन्नति

समूह बीमा योजना लागू करना भविष्य की सुरक्षा के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका को समूह बीमा योजना में जोड़ने नीति निर्धारण किया जाए, कार्यकर्ता सहायिकाओं के आकस्मिक मृत्यु होने पर परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति दिया जाए एवं मानदेय को महंगाई भत्ता के साथ जोड़ कर महंगाई भत्ता स्वीकृत किया जाए, वर्षों से अल्प मानदेय में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को पदोन्नति के पद रिक्त होने के बाद भी 50% का प्रतिबंध होने के कारण इन्हें इसका लाभ नहीं मिल रहा है 50% का बंधन को समाप्त कर कार्यकर्ता को बिना उम्र बंधन के वरिष्ठता क्रम में बिना परीक्षा के सुपरवाइजर के रिक्त पदों पर पदोन्नति किया।

### सभी केंद्रों में दिया जाए गैस सिलेंडर

जाए इसी तरह सहायिकाओं में भी 50% के बंधन को समाप्त कर शत प्रतिशत वरिष्ठता क्रम में कार्यकर्ता के पद पर पदोन्नति किया जाए सभी केंद्रों में गैस सिलेंडर और चूल्हा प्रदान किया जाए और इसकी नियमित रिफिलिंग की व्यवस्था सुगम बनाया जाए, महंगाई की इस दौर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आर्थिक रूप से मानसिक रूप से परेशान है विभागीय काम के अलावा भी कई सारे काम हमसे काम ▶▶| शेष पेज 10 पर

# दीपावली मनाने घर लौट रहे जवान की हार्टअटैक से मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दीपावली पर्व मनाने घर आ रहे त्रिपुरा पुलिस के जवान की अचानक तबियत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतक पुलिस के जवान का शुक्रवार को उनके गृह ग्राम नेवारीखुर्द में अंतिम संस्कार किया गया। मृतक के अंतिम संस्कार में पुलिस प्रशासन के एसडीओपी देवांश सिंह राठौर और थाना प्रभारी रविशंकर पांडेय सहित अन्य पुलिस कमएँ व ग्रामीण उपस्थित थे।



दरअसल ग्राम नेवारीखुर्द निवासी 39 वर्षीय रूमलाल राणा 2006 में त्रिपुरा पुलिज़ में भर्ती हुआ था। इस दीपावली पर्व मनाने वह छुट्टी लेकर घर वापस आ रहा था। इस दौरान कोलकाता में अचानक रूमलाल की तबियत बिगड़ गई, इसके अलावा उनके पास रखे समान की चोरी भी हो गई। रूमलाल कोलकाता के निजी अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे, जहां उन्हें भर्ती किया गया। रूमलाल का सामान चोरी हो जाने के कारण वे अपने परिवार से संपर्क नहीं कर पाया, हालांकि उन्होंने किसी दूसरे के मोबाइल से परिवार को तबियत खराब और सामान चोरी होने की जानकारी दी।

इसके बाद परिजनों ने जिस अस्पताल में रूमलाल भर्ती हुआ था, वहां जाने की योजना बनाई, लेकिन काफी दूर होने के कारण परिवार को अस्पताल पहुंचने में देर हो गई, तब तक रूमलाल की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार इलाज के दौरान बुधवार को रूमलाल को अटैक आया और उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को गांव मे रूमलाल का दाह संस्कार किया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन की टीम भी मौजूद रही।

# भतीजे ने बड़ी मां पर किया हथौड़े से हमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ महिला ने भाग कर बचायी जान, आरोपी फरार

भतीजे ने अपनी बड़ी मां के घर में घुसकर उसके सिर पर लोहे के हथौड़े से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। महिला जब जान बचाने घर से सड़क की ओर भागने लगी, तो आरोपी युवक ने महिला को दौड़ा कर उसके सिर पर 4 से 5 बार लोहे के हथोड़े से हमला किया।

पूरा मामला सुरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम भेड़ीगांव का है, जहां तोमेश्वरी देवांगन 39 वर्ष पति स्व. दिलेश देवांगन अपने घर में सिलाई का काम कर रही थी। जानकारी के अनुसार घायल महिला के देवर का बेटा कृष देवांगन जो गांव में नहीं रहता है, वह शुक्रवार को दोपहर महिला के घर के पास रेकी करते रहा और कुछ देर बाद महिला के घर अंदर जाकर पीने के लिए पानी मांगा, इतने में महिला जैसे ही पानी देने लगी, उसी दौरान युवक ने अपने पास रखे लोहे के हथौड़ा से महिला के सिर पर ताबड़तोड़ वार करने लगा। महिला सूझबूझ के साथ अपने आप को बचाते हुए सड़क की ओर भागने लगी, तब आस पास के लोगों ने देखा तो आरोपी युवक फरार हो गया, जिसके चलते महिला की जान बची। फिलहाल महिला को घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं, जहां इलाज जारी है, वहीं आरोपी युवक अभी फरार है। इधर मामले में पुलिस जांच में जुट गई है और आरोपी द्वारा इस तरह की घटना को क्यों अंजाम दिया, इसकी स्पष्ट वजह जानने में जुटी हुई है। लेकिन जिले में लगातार हो रहे आपराधिक घटनाओं को लेकर क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निरीक्षण करने पहुंचे सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

■ पंचायत सचिव को मानिटरिंग करने के दिए निर्देश



स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेन्ट प्लांट व प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत बने निर्माणाधीन मकानों का निरीक्षण करने जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत अछोली पहुंचे। जहां अनुविभागीय अधिकारी शिवनाथ बघेल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज देव उक्त दौरा कार्यक्रम में शामिल रहें। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का संचालन करने वाली भारत माता वाहिनी महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं से जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे ने बारी-बारी से चर्चा करते हुए मशीन का संचालन करते समय सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने तथा आवश्यकतानुसार बिजली का उपयोग करने व सुरक्षा उपकरण के साथ मशीन को आपरेट करने कहा। डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने की जानकारी लिया तो समूह के द्वारा बताया गया की सप्ताह में 02 दिन डोर टू डोर कचरा संग्रहण का कार्य करते है, बाकी दिनों में खेती किसानी व अन्य घरेलु कार्य करने में व्यस्त रहने की बात की तो जिला सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे ने समूह की आमदनी बढाने अन्य रोजगार मूलक कार्यों से जुड़ने प्रेरित किया। प्लास्टिक मुक्त भारत की कल्पना को साकार रुप देने जनभागीदारी व जागरुकता अभियान की अवश्यकता है आप सभी मिलजुल कर कार्य करें। कही भी ब्लैक स्पॉट न बन पाये इसके लिए सतत जागरुकता अभियान चलाये। गंदगी को गांवो से भगाकर बीमारी को दूर करना है जो कि स्वच्छता से ही संभव है। महिला समूह को स्वावलंबी बनाने तथा आर्थिक रुप से सशक्त बनाने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा पंकज देव को गाईड करने कहा।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवास केसरी बाई व चिंताराम ग्राम अछोली का कार्य लम्बे समय से अपूर्ण है जिसे त्वरित पूर्ण कराने संबंधित अधिकारी, कर्मचारी को निर्देशित किया। जिला सीईओ डॉ. कन्नौजे ने केसरी बाई से सीधे संवाद किया तो केसरी बाई ने अपने बुजुर्ग होने का हवाला दिया तो ग्राम पंचायत सचिव को सहयोग करने निर्देशित किया व सतत मॉनिट्रिंग करने कहा। इस अवसर पर जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा के संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिला रोजगार कार्यालय में मेगा प्लेसमेंट का आयोजन 22 को

■ जिले के बेरोजगार युवकों की 510 पदों पर की जाएगी भर्ती

**बालोद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बालोद में 22 नवंबर को मेगा प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी बालोद ने बताया कि प्लेसमेंट में कुल 02 नियोजकों द्वारा कुल 510 पदों पर भर्ती की जाएगी।

उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में एस आर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ग्राम चिखली जेवरा सिरसा धमधा रोड दुर्ग द्वारा विभिन्न पदों पर भतएँ की जाएगी। जिसके अंतर्गत मेडिकल ऑफिसर के 06–06 पद, डेंटिस्ट के 02 पद, फिजियोथैरेपिस्ट के 1, ओटी टेक्नीशियन के 3 पद, एक्स रे टेक्नीशियन के 1 पद, ओटी टेक्नीशियन के 3 पद, ऑप्थेलेमिक टेक्नीशियन के 2 पद, पैथोलॉजी लैब टेक्नीशियन के 03 पद, नर्सिंग स्टॉफ 30 पद, डायलिसिस टेक्नीशियन के 40 पद, फील्ड ऑफिसर के 20 पद, इलेक्ट्रिशियन के 04 पद, ड्राईवर के 10 पद, मैनेजर के 1 पद, कम्प्यूटर ऑरेटर के 5 पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदक की उम्र 40 वर्ष निर्धारित की गई है। इसी तरह द ज्ञान रश्मि ग्रुप ऑफ स्कूल कांकेर द्वारा प्राथमिक शिक्षक के 6 पद, माध्यमिक शिक्षक के 5 पद तथा हाई स्कूल के शिक्षक के 3 पद, प्रबंधक के 1, ड्राईवर के 2 तथा भृत्य के 2 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसी तरह सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरीटी सर्विसेस भिलाई के द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड पुरूष के 100 एवं 200 पद, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर पुरूष के 50 पद तथा सिक्यूरिटी गार्ड महिला के 20 पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, पेनकार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो एवं रोजगार पंजीयन कार्ड के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

# रेडक्रास जंबूरी में जिले के वालिंटियर्स को राज्य स्तर पर मिला दूसरा स्थान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले की रेडक्रास सोसायटी के वालिंटियर्स का दुर्ग में आयोजित रेडक्रास जंबूरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कलेक्टर एवं इण्डियन रेडक्रास सोसायटी जिला बालोद के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने रेडक्रास सोसायटी के वालिंटियर्स द्वारा रेडक्रास जंबूरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उल्लेखनीय है कि इंडियन रेडक्रास सोसायटी छत्तीसगढ़ द्वारा रेडक्रास जंबूरी का आयोजन 18 से 23 अक्टूबर तक दुर्ग में की गई थी। इसमें रेडक्रास सोसायटी बालोद के 32 वालिंटियर्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर एवं इण्डियन रेडक्रास सोसायटी जिला बालोद के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने रेडक्रास सोसायटी के वालिंटियर्स को बधाई देते हुए कहा कि हमें निःस्वार्थ भाव से समाज सेवा का कार्य करते रहना चाहिए।

इस अवसर पर जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव डॉ. एमके सूर्यवंशी, जिला संगठक रेडक्रास चन्द्रशेखर पवार, मधुमाला कौशल, रूपनारायण देशमुख, कमला वर्मा अन्य प्रभारी व रेडक्रास के छात्र–छात्राएं उपस्थित थीं।

### अप्रेंटिसशिप मेला 11 को

**बालोद।** भारत सरकार की शिक्षुता प्रशिक्षण अधिनियम 1961 के अंतर्गत नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम के तहत अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 11 नवंबर को सुबह 11 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालोद में किया जाएगा। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालोद के प्राचार्य ने बताया कि समस्त शासकीय, निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण–पत्र के साथ उक्त मेला में सम्मिलित होकर अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दिया गुणवत्ता पत्र

# जिला अस्पताल और कुरदी को मिला मानक प्रमाण पत्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला अस्पताल बालोद और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुरदी को भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के केन्द्रीय गुणवत्ता परीक्षण समिति द्वारा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने स्वास्थ्य विभाग के इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनके सूर्यवंशी और सिविल सर्जन डॉ. आरके श्रीमाली सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. श्रीमाली ने बताया कि जिला चिकित्सालय बालोद में एक्सटर्नल एस्समेंट सेंट्रल टीम द्वारा 8 फरवरी से 10 फरवरीतक केन्द्रीय गुणवत्ता परीक्षण समिति द्वारा जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का एसेसमेंट किया गया।

इसमें स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार के उच्च मापदंडों पर जिला चिकित्सलाय बालोद खरा उतरा। इसके अंतर्गत ओपीडी, आईपीडी, ब्लड बैंक, एसएनसीयु पैथालाजी लैब, एनआरसी, ऑपरेशन थियेटर, प्रसूति वार्ड एवं ओटी, पिडियावार्ड, पिडियाओपीडी, रेडियोलॉजी, फार्मेसी डिपार्टमेंट का एसेसमेंट किया गया। इसमें समस्त मानको को पूर्ण करते हुए नेशनल स्तर से जिला चिकित्सालय बालोद एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुरदी को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।

पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### शहर की खस्ताहाल सड़कों का डामरीकरण शुरू



**रायपुर।** नगर निगम और लोक निर्माण विभाग द्वारा शहर के विभिन्न मार्गों की खस्ताहाल सड़कों के पेचवर्क और सड़क डामरीकरण का कार्य गुरुवार से शुरू हो गया। नगर निगम जोन 7 क्षेत्र के आमापारा स्थित विशाल मेगामार्ट से अग्रसेन चौक मार्ग की सड़क डामरीकरण करने मशीन सड़क पर उतारी गई। बारिश खत्म होने के बाद डामर प्लांट शुरू होने के साथ ही सड़क डामरीकरण का कार्य प्रारंभ कराया गया है। राजधानी वासियों को खस्ताहाल सड़कों और जगह-जगह सड़क पर उभर आए गड्ढों से निजात मिलेगी। नगर निगम के लोक निर्माण विभाग द्वारा विभिन्न जोन में चिन्हांकित मार्ग के सड़क डामरीकरण का कार्य अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से कराया जा रहा है। इसके तहत स्टेशन रोड, समता कालोनी और आमापारा सहित अन्य मार्गो पर पेच वर्क के साथ ही डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है।

### रबी मौसम में 19.25 लाख हेक्टेयर रकबे में बोनी का लक्ष्य

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर रबी फसलों को बढ़ावा देने के लिए इस वर्ष 19.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न रबि फसलों की बोनी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके विरुद्ध अब तक 2.16 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं, चना, मटर, मक्का, अलसी सहित विभिन्न रबी फसलों की बोनी हो चुकी है, वहीं 0.14 लाख क्विंटल बीज और 0.35 लाख मीट्रिक टन रासायनिक खाद का वितरण किया जा चुका है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर वर्ष 2024-25 में रबि फसलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस वर्ष विभिन्न रबि फसलों की बोनी के लिए 19.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न रबी फसलों की बोनी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके विरुद्ध अब तक 2.16 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं, चना, मटर, मक्का, अलसी सहित विभिन्न रबी फसलों की बोनी हो चुकी हैं, जो लक्ष्य का 11 प्रतिशत है। जबकि पिछले वर्ष के लिए 19.19 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में रबी फसलों की बोनी का लख निर्धारित किया गया था।

### शिकायत के बाद अपने ही आदेश को कलेक्टर ने बदला

**दुर्ग।** आगामी दिनों होने वाले धान खरीदी के लिए कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा एक आदेश जारी कर निगरानी टीम का गठन किया था। गठित समिति में सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी और पदेन अध्यक्ष सरपंचों को बनाया गया था। बुधवार को जारी आदेश के बाद बवाल मचा रहा। कलेक्टर के आदेश से आक्रोशित भाजपाईयों ने इसकी शिकायत प्रदेश संठगन महामंत्री पवन साय से कर दी। जिसके बाद अपने ही आदेश को कलेक्टर ने दूसरे दिन निरस्त कर दिया।

## दक्षिण उपचुनाव के बाद गरजेगा तोड़ूदस्ता, अवैध निर्माण पर चलेगा बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण उपचुनाव के बाद नगर निगम का तोड़ूदस्ता एक बार फिर गरजेगा। निगम आयुक्त के निर्देश पर दस जोन में यह कार्रवाई होगी। इसमें नगर निगम से अनुमति लिए बिना कराए गए अवैध निर्माण को ढहाया जाएगा। खासकर 2 हजार वर्गफीट से अधिक क्षेत्र में अवैध निर्माण कर व्यावसायिक उद्देश्य से दुकान, गोदाम और मकान बनाने वालों को सूचीबद्ध कर तोड़फोड़ की कार्रवाई करने की तैयारी है।

■ तीन बार नोटिस के बाद भी निर्माण कराने वाले टारगेट में

### 2 हजार वर्गफीट से अधिक के अवैध निर्माण पर कार्रवाई

#### अवैध प्लाटिंग वाली 13 जगहों पर रजिस्ट्री रोकने पत्र

सूत्रों के मुताबिक अवैध प्लाटिंग के जरिए कालोनी बसाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए रजिस्ट्री कार्यालय में रजिस्ट्रार को आयुक्त के माध्यम से पत्र भेजा गया है। 2 माह में 13 अलग-अलग जगहों की रजिस्ट्री रोकने का आग्रह करते हुए चिट्ठी गई है। इसमें आउटर में स्थित जोन 8 के जरवाय, जोन 10 में अमलीडीह, देवपुरी और जोन 9 में जोरा के साथ जोन 6 क्षेत्र के भाठागांव और मठपुरैना क्षेत्र की जमीनों की रजिस्ट्री पर रोक लगाने कहा गया है।




#### अवैध निर्माण पर बुलडोजर

शहर के बीच और आउटर एरिया में अवैध प्लाटिंग कर व्यावसायिक प्रयोजन से गोडाउन, दुकान व मकान बनाने वालों पर जल्द तोड़फोड़ की कार्रवाई की जाएगी। 2 हजार से अधिक एरिया में निगम की अनुमति लिए बिना कराए गए व्यावसायिक निर्माण पर फोकस कर रहे हैं।

*- आभाष मिश्रा, नगर निवेशक, नगर निगम रायपुर*

शहर के अंदरूनी हिस्सों और आउटर के इलाकों में अवैध प्लाटिंग और नगर निगम की अनुमति लिए बिना अवैध निर्माण को रोकने निगम प्रशासन अब एक्शन मोड में नजर आएगा। इसके लिए 10 जोन में अवैध निर्माण करने वालों को सूचीबद्ध कर नोटिस जारी किया जा रहा है। तीन बार नोटिस के बाद भी इसकी अनदेखी कर निगम क्षेत्र में व्यावसायिक प्रयोजन से मकान, दुकान और गोदाम निर्माण करने वालों पर निगम प्रशासन तोड़फोड़ की कार्रवाई करेगा।

### हैदराबाद से आए इंजीनियरों ने मशीनों की बारीकी से की जांच

## कमीशनिंग में 19 ईवीएम डिफेक्टिव निकली 1504 सही पाई गई, मशीनों को किया सीलबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में उपयोग में लाई जाने वाली ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग की गई। इसमें 19 मशीनें डिफेक्टिव निकलीं, जिसके कारण इन मशीनों को रिजेक्ट कर दिया गया है। अब इन मशीनों का 13 नवंबर को होने वाले मतदान के दिन पोलिंग बूथों में इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। सेजबहार स्थित स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग का काम गुरुवार को समाप्त हुआ। उपचुनाव के लिए जिला प्रशासन को 1523 ईवीएम मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें बीयू 719, सीयू 379 व वीवीपैट की संख्या 425 है। इन मशीनों का मतदान से पूर्व कमीशनिंग कराया गया है। कमीशनिंग के माध्यम से तकनीकी रूप से खराब या डिफेक्टिव हो चुकी मशीनों को अलग करना है। इसके लिए हैदराबाद से दो इंजीनियरों की टीम आई हुई है, जिनके द्वारा बारीकी से मशीनों की जांच की गई। जांच के दौरान इनमें से 5 बीयू, 1 सीयू व 13 वीवीपैट डिफेक्टिव निकलीं। डिफेक्टिव मशीनों को रिजेक्ट कर दिया गया है। इन मशीनों का अब चुनाव में इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।



#### मॉकपोल के बाद ईवीएम मशीनें स्ट्रांग रूम में सीलबंद

*कमीशनिंग व मॉकपोल के बाद चुनाव में इस्तेमाल की जाने वाली ईवीएम मशीनों को जिला उप निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर पुष्पेंद्र शर्मा सहित अन्य चुनाव अधिकारियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम में रखकर उसे सीलबंद किया गया है। स्ट्रांग रूम को अब मतदान दलों को पोलिंग बूथों के लिए रवाना करने के दिन खोला जाएगा।*

#### 20 प्रतिशत अतिरिक्त ईवीएम

चुनाव के दौरान पोलिंग बूथों में इस्तेमाल की जाने वाली ईवीएम में 20 प्रतिशत अतिरिक्त मशीन है। मतदान के दौरान किसी मशीन में तकनीकी खराबी आने पर मतदान प्रभावित न हो, इसे देखते हुए अतिरिक्त ईवीएम मशीनों की व्यवस्था की जाती है, जो उपचुनाव में भी की गई है।

- **-उमाशंकर बंदे,** जिला उप निर्वाचन अधिकारी

#### कमीशनिंग के बाद हुआ मॉकपोल


जिला उप निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे ने बताया कि 5 से 7 नवंबर तक कमीशनिंग का कार्य चला है। कमीशनिंग के बाद चुनाव में खड़े भाजपा-कांग्रेस सहित अन्य विभिन्न राजनीतिक दलों के कई प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मॉकपोल भी किया गया। मॉकपोल के दौरान कमीशनिंग में सही पाई गई कुछ ईवीएम मशीनों में प्रतिनिधियों ने एक-एक वोट डालकर मशीनों को परखा। हालांकि जिन मशीनों में ट्रायल के रूप में वोट डाले गए, उनका इस्तेमाल भी चुनाव में नहीं किया जाएगा।

## अनुराग बोले- भाजपा का पूरा संगठन प्रचार में कांग्रेसी घूम ही नहीं रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल ने कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला के बयान पर पलटवार करते हुए कहा, रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की पस्त हालत देखकर कांग्रेसी बौखलाहट में हास्यास्पद प्रलाप करने लगे हैं। सच्चाई यह है कि कांग्रेसी रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में घूम ही नहीं रहे हैं, इसलिए उनको पता नहीं लग रहा है कि इस उपचुनाव में भाजपा का पूरा संगठन प्रचंड बहुमत से भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी को जिताने के लिए जुटा हुआ है।

श्री अग्रवाल ने कहा, रायपुर दक्षिण के चुनावी रण में भाजपा के एक ही गुट की सक्रियता का अनर्गल व मिथ्या प्रलाप कर रहे कांग्रेस नेता जरा जमीनी सच्चाई से रूबरू होने की हिम्मत दिखाएं। रायपुर दक्षिण के आठ बार के विधायक व भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल के नेतृत्व में



प्रदेश सरकार के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल,टंकराम वर्मा, लखन लाल देवांगन एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, विधायकगण अमर अग्रवाल, अजय चंद्राकर, राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा आदि विभिन्न मंडलों की कमान संभाले हुए हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा का लगातार रायपुर दक्षिण में प्रवास हो चुका है। कांग्रेसी डर के मारे रायपुर दक्षिण जा ही नहीं रहे हैं, इसलिए उनको सच्चाई का पता नहीं है।



## बैठक में पेंशनरों ने जमा किया जीवन प्रमाणपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पेंशनधारी कल्याण संघ जिला बालोद के मासिक बैठक अध्यक्ष डॉ. आरएम चावड़ा की अध्यक्षता तथा एसबीआई बालोद के सहायक अधिकारी के निर्देशन में संपन्न हुई। बैठक में पेंशनरों को जीवन प्रमाण पत्र फार्म वितरित किया गया।

पेंशनरों से भरे हुए आवेदन फार्म चेक कर क्रमशः जमा कराया गया। लगभग 100 से अधिक पेंशनरों तथा परिवार पेंशनरों ने जीवन प्रमाण पत्र पूर्ण कर जमा किया। डाकघर बालोद से उपस्थित कर्मचारियों द्वारा केंद्र सरकार द्वारा जारी जीवन प्रमाण पत्र पोस्ट ऑफिस के माध्यम से भी ऑनलाइन जमा किया जा सकता है, इसकी जानकारी पेंशनरों को प्रदान की गई।

साथ ही जिला अध्यक्ष द्वारा सूचित किया गया कि प्रति बुधवार दोपहर 12 से 3 तक पेंशन भवन शिकारी पारा में आकर जीवन प्रमाण पत्र भर सकते हैं। सचिव पुरूषोत्तम लाल देशमुख ने बैंक के अधिकारियों कर्मचारियों के सहयोग मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

## गायत्री परिवार ने नशामुक्ति के लिए निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

गुरुवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के तत्वाधान में गायत्री परिवार गुण्डरदेही के मार्गदर्शन में प्रज्ञापीठ परसतराई में जिला स्तरीय 51 कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया। जिसमे संगोष्ठी भी हुई साथ ही गांव में नशा उन्मूलन जागरूकता के लिए ब्लॉक के परिजनों द्वारा नशा मुक्ति रैली निकाल कर नशा से होने वाले नुकसान से जनमानस को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक चंद्रिका प्रसाद चंद्राकर, जिला नशा मुक्ति प्रभारी विमल साहू, प्रज्ञापीठ अध्यक्ष कृपाराम राम सिन्हा, डीके देशमुख, किशन लाल साहू, गजाधर प्रसाद साहू, दिलेश्वर साहू, मोहपत साहू, दानेश्वर साहू, रवि साहू, गोपाल साहू, ओंकेश्वरी साहू, महेश्वरी गजेंद, महेश्वरी साहू, प्रमोद सेन, मनीष पटेल व ग्रामीण उपस्थित थे।




## मनरेगा मजदूरी भुगतान में फर्जीवाड़ा, जांच के लिए टीम गठित

### आरंग क्षेत्र के ग्राम देवदा का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के आरंग ब्लॉक अंतर्गत ग्राम देवदा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत हुए कामों में घोटाला का मामला सामने आया है। ऑनलाइन सिस्टम में सेंधमारी कर फर्जी मजदूर एवं फर्जी काम की एंट्री करके हजारों रुपए आहरण किए गए हैं। यह खेल पिछले कई साल से चल रहा था। बताया जा रहा है कि इस मामले की शिकायत गांव के ही कुछ लोगों द्वारा पंचायत स्तर पर की गई थी, जिसकी प्रारंभिक जांच में शिकायत सही भी पाई गई थी, लेकिन मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद इस मामले की शिकायत प्रशासन से की गई है, जिसके बाद इस मामले की जांच के लिए जिला पंचायत द्वारा 3 सदस्यीय टीम गठित की गई है, जो दोबारा इस मामले की जांच कर रही है।



#### जांच की जा रही

ग्राम देवदा में मनरेगा मजदूरी भुगतान में फर्जीवाड़ा के अलावा अन्य शिकायतों की जांच के लिए टीम बनी हुई है। जांच टीम में मैं भी शामिल हूं। इस मामले की जांच की जा रही है।

**- आशीष सिंह**
जांच टीम सदस्य, जिला पंचायत रायपुर

#### *10 फर्जी लोगों की पहचान*

*शिकायतकर्ताओं ने ऑनलाइन एंट्री में दर्ज मजदूरों के नामों में 10 ऐसे लोगों के नाम की पहचान की है, जो गांव में मनरेगा का काम करने पहुंचे ही नहीं हैं। इनमें एक दंपति भी शामिल है, जिनके नाम आशीष बघेल एवं तुकेश्वरी बघेल हैं। इस दंपति को गांव छोड़े हुए करीब 12 वर्ष बीत चुके हैं। इसके अलावा अरुण डहरिया, राकेश डहरिया, देवेंद्र कोसले, अरुण कोसले, शीतल बघेल, कामता डहरिया, गीता डहरिया एवं कोमल डहरिया शामिल हैं। इन नामों के मजदूरों ने भी मनरेगा का काम नहीं किया है।*

#### *ऑनलाइन एंट्री में ऐसे मजदूरों के नाम जो कभी काम पर नहीं आए*

*मनरेगा के तहत ग्राम देवदा में लाखों रुपए के विभिन्न काम किए गए हैं। इन कामों को करने मजदूरों के नाम की एंट्री विभाग की वेबसाइट पर की गई है। इस एंट्री के अनुसार ही मजदूरों को मजदूरी राशि का भुगतान किया गया है, लेकिन वेबसाइट में जिन मजदूरों के नाम हैं, उनमें ऐसे कई मजदूर हैं, जो कभी काम करने ही नहीं पहुंचे हैं। शिकायतकर्ता ग्रामीणों ने शिकायत में आरोप लगाया है कि गांव के सरपंच, रोजगार सहायक, पंचायत सचिव ने साठगांठ करके मास्टर रोल में फर्जी रूप से अपने परिचित लोगों के नाम से एंट्री कर मजदूरी की राशि उनके खातों में डालकर आहरण किया है।*

### सीएम साय की भी झारखंड और महाराष्ट्र में होंगी सभाएं

**रायपुर।** प्रदेश में राज्योत्सव निपटने के बाद अब प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की भी झारखंड के साथ महाराष्ट्र के लिए भी भाजपा का राष्ट्रीय संगठन सभाएं तय करने वाला है। वैसे चुनाव का ऐलान होने से पहले भी मुख्यमंत्री की झारखंड में सभाएं हो चुकी हैं। चुनाव का ऐलान होने के बाद भी उनका एक दौरा हुआ है। अब वापस उनकी सभाओं की तैयारी है। इधर महाराष्ट्र और झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने छत्तीसगढ़ के 60 से ज्यादा नेताओं को वहां की विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी है।

### पेज 9 के शेष

#### महंगाई भत्ता...

कर्मचारी घोषित करने तक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को 21 हजार और सहायिका को 17850 रुपए जीने लायक वेतन स्वीकृत किया जाए साथ ही वर्तमान में कार्यकर्ताओं को प्राप्त मानदेय 10 हजार का 85 प्रतिशत राशि सहायिकाओं के लिए स्वीकृत किया जाए। सेवानिवृत्ति पश्चात पेंशन ग्रेच्युटी 35 से 40 वर्ष विभाग की सेवा करने के बाद भी बुढ़ापे के समय जीवन यापन के लिए न तो कोई पेंशन मिल रहा है और नहीं एक मूस्त राशि इसके लिए कार्यकर्ताओं को 10 हजार और सहायिकाओं को 8 हजार मासिक पेंशन सहित बुढ़ापे में जीवन यापन के लिए कार्यकर्ता को 5 लाख और सहायिका को 4 लाख ग्रेज्युटी राशि प्रदान किया जाए।

#### सभी केंद्रों में दिया ...

लिया जाता है जिसके कारण विभाग की काम में बाधा उत्पन्न होती है उक्त सभी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए शासन को अति शीघ्र इस पर निर्णय लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं की मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग किए हैं।

### धान खरीदी के सात दिन पहले टोकन, आज से लगेगी भीड़

## पहले दिन बिकेगा छह हजार क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आगामी चौदह नवंबर को समर्थन मूल्य पर होने वाले धान खरीदी के पहले दिन जिले के 90 किसान 5956 क्विंटल धान बेचेगें। सोसायटियों से टोकन जारी किए जाने की प्रक्रिया सात नवंबर को शुरू हो गई हैं। पहले दिन जिले के 90 किसानों ने टोकन भी ले लिया है। सुबह साढे नौ बजे से साढे पांच बजे तक टोकन जारी किया जाएगा। इस बार चौदह नवंबर से 31 जनवरी तक जिले के 102 उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान की खरीदी की जाएगी। जिलेभर में किसान धान की कटाई में जूटे हुए है। जिले में तीस फीसदी धान की कटाई हो चुकी हैं।

किसान कटाई के बाद धान को सुरक्षित रखने में जूटे हुए है। अफसरों ने बताया कि, अर्ली वैरायटी के धान की आवक शुरूआत में होगी, उन्ही किसानों द्वारा टोकन लिया जा रहा हैं। पर्व के बाद धान की कटाई में तेजी आ गई हैं। प्रगतिशील किसान संगठन के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने बताया कि, खेतों में पानी भरे होने के कारण कटाई प्रभावित है। लेकिन आगामी दिनों किसान कटाई में जूट जाएंगे।

#### पॉलिसी में किए गए बदलाव से नाराजगी



राज्य शासन द्वारा जारी किए गए धान खरीदी नीति में खरीदी के बाद 72 घंटे के अंदर उठाव के नियम को हटा दिया गया हैं। क्योंकि इसे आधार बनाकर कई मिलर कोर्ट चले जाते थे। वही 28 फरवरी तक धान उठाव अनिवार्य तौर पर करने का नियम पहले था, जिसे 31 मार्च कर दिया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि, पहले ही फरवरी होने के बाद मई और जून तक उठाव होता था। अब तारीख बढाने से उठाव की कोई गारंटी नही हैं। वर्तमान में रायगढ, राजनांदगांव, कवर्धा, पंडरिया में अब तक धान का उठाव नही किया गया हैं।

**सत्यापन के चक्कर में घट रहा रकबा:** जानकारी अनुसार दो दिन पहले जिले में एक लाख 26 हजार हेक्टैयर रकबा पंजीकृत था। लेकिन वर्तमान में यह घटकर एक लाख 21256 हेक्टेयर पर पहुंच गया हैं। पिछले बार एक लाख 21339 हेक्टेयर रकबा पंजीकृत था। ऐसे में पिछले साल के मुकाबले रकबा घट गया हैं।

#### सिर्फ कम्प्यूटर आपरेटरों के भरोसे खरीदी

विगत दिनों हडताल में आश्वासन मिलने के बाद सोसायटी के कम्प्यूटर आपरेटर वापस लौट गए है। उन्ही के द्वारा टोकन जारी किया जा रहा हैं। लेकिन सोसायटी प्रबंधक से लेकर सहायक प्रबंधक, चौकीदार, लिपिक सभी कर्मचारी संघ विगत चार नवंबर से दुर्ग में मानस भवन के सामने हडताल कर रहे है। इनके द्वारा अपनी मांगों को लेकन अनिश्चितकालीन हडताल किया जा रहा है। जबकि इधर सोसायटी में टोकन लेने की प्रक्रिया शुरू हो गई हैं। जिसके चलते चौदह नवंबर से धान खरीदी प्रभावित

## बिरसा मुंडा जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम 14 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 14 एवं 15 नवंबर को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर में राज्य स्तरीय भव्य आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जनजातीय गौरव दिवस, आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान और बलिदानों को सम्मानित करने तथा आमजन एवं भावी नागरिकों को उनके बलिदान से प्रेरणा लेने के लिए मनाया जाता है। वर्ष 2021 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 15 नवंबर को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में इसे जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया था, तभी से प्रतिवर्ष जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। राज्य स्तर पर जनजातीय गौरव दिवस के व्यापक आयोजन के संबंध में प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम आयोजन की आवश्यक तैयारियों के संबध में निर्देशित किया गया है।

■ 14-15 नवंबर को साइंस कॉलेज परिसर में होगा

#### प्रदेश में 30 प्रतिशत से अधिक आदिवासी

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ एक आदिवासी बाहुल्य राज्य है जनगणना 2011 के अनुसार कुल जनसंख्या का लगभग 30.62 प्रतिशत आदिवासी निवास करते हैं। इसके अलावा राज्य में 43 प्रमुख जनजातियां एवं 162 उप जातियां हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से जनजातीय महापुरूषों के कार्यों तथा बलिदान के गौरवपूर्ण स्मरण के साथ ही आदिवासियों के हितों का संरक्षण एवं इन्हें प्रोत्साहित करने का अवसर मिलेगा। इस हेतु जिला स्तर पर भी कार्यकम आयोजित किये जाएंगे एवं राज्य स्तर पर भी वृहद रूप से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### पदोन्नति पर शिक्षिका ने स्कूल में कराया न्योता भोज

**गुण्डरदेही।** शासकीय प्राथमिक शाला खुटेरी (रंग) की शिक्षिका प्रीति मण्डावी ने प्रधान पाठिका के पद पर पदोन्नत होने के उपलक्ष्य में अपने शाला के 97 बच्चों को न्योता भोज कराया।

### छात्रा से गिनाए गए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लाभ



**बालोद/कलंगपुर।** मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में जल संरक्षण समिति के अंतर्गत दिन प्रतिदिन गिरते हुए जल स्तर को ध्यान में रखकर महाविद्यालय में निर्मित रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जानकारी बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राओं को दी गई। इस अवसर बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राओं को पर्यावरण विषय पर प्रोजेक्ट कार्य दिया गया, साथ ही सभी छात्र–छात्राओं को जल संरक्षण के क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया गया। यह जानकारी महाविद्यालय के अतिथि प्राध्यापक एवं जल संरक्षण समिति के प्रभारी कमलेश्वर साहू ने दी।

### हाईस्कूल अमलीडीह में वार्षिक उत्सव 29 को



**बालोद।** बंशी लाल भारद्वाज गौरव तिहार एवं बंशी लाल भारद्वाज शासकीय हाईस्कूल अमलीडीह (बालोद) का वार्षिक उत्सव समारोह 29 नवंबर को मनाया जाएगा। जिले के इस प्रतिष्ठा पूर्ण आयोजन में सम्मिलित होने के लिए क्षेत्र के विधायक संगीता सिन्हा को आमंत्रण पत्र सौपा गया। पंचायत व शाला समिति के पदाधिकारियों ने विधायक से मिलकर उन्हें आमंत्रित किया है, जिसमे प्रतिनिधि मंडल में डा साधु राम भारद्वाज, ईश्वर साहू, मस्त राम कुरैटी, हीरा लाल कुरैटी, बिरझूराम मंसाराम कोमरे, कुलेश्वर कोठले भेख राम साहू उपस्थित थे।

### टमाटर की खड़ी फसल को रौंदा, किसानों ने की आपत्ति

**भिलाई।** किसानों की खड़ी फसल को फिर से रौंदा जा रहा है। गेल इंडिया द्वारा गैस पाइप लाइन बिछाई जा रही है। जिसके लिए किसानों की खड़ी फसल को रौंदने का काम किया जा रहा है।

## निधन

### नारायण साहू



**बालोद।** ग्राम हीरापुर निवासी नारायण साहू उम्र 68 वर्ष का निधन शुक्रवार को हो गया। जिसका अंतिम संस्कार ग्राम हीरापुर के मुक्तिधाम में शनिवार को 11 बजे किया जावेगा। वे किशोर साहू के पिता व रोहण, लक्की साहू के दादा थे।

---

**पहल:** जिले में जल संरक्षण को बढ़ावा देने लोगों को करेंगे प्रोत्साहित

# राज्योत्सव पर जिले में जल जतन अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले में जल संरक्षण को बढ़ावा देने तथा जल संरक्षण के कार्यों को प्रोत्साहित करने हेतु राज्योत्सव के अवसर पर 'जल जतन अभियान' का शुभारंभ किया गया है।

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बताया कि जिले में भूमिगत जल का अधिकांश भाग ग्रीष्मकालीन धान हेतु उपयोग में लाया जाता है, जिससे भविष्य में जल संकट की स्थिति निर्मित होने की संभावना बनी हुई है। उन्होंने बताया कि सेन्ट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड के रिपोर्ट के अनुसार जिले के गुरूर विकासखण्ड को क्रिटिकल जोन, बालोद, गुण्डरदेही विकासखण्ड को सेमी क्रिटिकल जोन तथा डौण्डी और डौण्डीलोहारा विकासखण्ड को सेफ जोन में रखा गया है।

जिले के विकासखण्डों में घटते हुए जलस्तर को दृष्टिगत रखते हुए 'जल जतन अभियान' का संचालन किया जा रहा है। जिला स्तर पर इस दिशा में ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर गन्ना, गेहूं, मक्का, चना सहित अन्य दलहन, तिलहन एवं सब्जी जैसी फसले लेने हेतु कृषकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए ग्राम स्तर पर किसान चौपाल का आयोजन कर किसानों को जागरूक किया जा रहा है। जल के सदुपयोग और संचय के तरीके के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा एवं लघु फिल्म की प्रस्तुति के माध्यम से जल संचय के संबंध में जागरूक किया जाएगा। जल संरक्षण के संबंध में रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा। जलवाहिनी, जलमित्र, महिला कमाण्डो के माध्यम से रबी फसल हेतु घर–घर सम्पर्क करते हुए लोगों को जागरूक किया जाएगा। सतही जल संग्रहण को बढ़ावा देने अधिक से अधिक तालाबों, कुंआ एवं वाटर रिचार्ज संरचना का निर्माण किया जाएगा। जल संरक्षण में किये गये उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित किया जाएगा। जिले में 'जल जतन अभियान' के सफलतापूर्वक संचालन हेतु कृषि, उद्यानिकी, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पंचायत विकास विभाग तथा जलवायु परिवर्तन एवं वन विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों के साथ ग्राम पंचायतों के जन प्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता से इस अभियान में आशातीत सफलता प्राप्त की जाएगी।









### किसानों को ग्रीष्मकालीन फसल लेने किया प्रोत्साहित

कृषि विभाग के माध्यम से 'जल जतन अभियान' के अंतर्गत बालोद विकासखण्ड के ग्राम लाटाबोड़, गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कुम्हाखान, डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम साल्हे में कृषक चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों एवं किसानों को जल की उपयोगिता एवं जल संरक्षण तथा ग्रीष्मकालिन धान के बदले अन्य फसल लेने प्रोत्साहित किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंवर के स्कूली विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को जल की उपयोगिता के प्रति जागरूक किया गया तथा जल संरक्षण हेतु सोख्ता गड्ढा, रैन वाटर हार्वेस्टिंग आदि के लिए जागरूक किया गया।

---

**चातुर्मास पर संत ऋषभ सागरजी ने जीवन जीने की कला बतायी**

# प्रेम और त्याग की भावना ही मनुष्य के जीवन को आदर्श बनाती है

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

बाहर से हम कितने ही साधन जुटा लें, लेकिन जब तक मन में शांति न हो तब तक सब कुछ बेकार है, शांति के लिए बाहर की व्यवस्था सुधारने के बजाय मन के भावों को सुधारने की आवश्यकता होती है।

महावीर भवन में चातुर्मास के अंदर चल रहे प्रवचन श्रृंखला में संत ऋषभ सागरजी म सा ने कहा कि जीवन जीना भी एक कला है, भगवान महावीर के बताये मार्ग, जिसमें सभी से प्रेम और मैत्री के भाव को प्राथमिकता दी गई है, उस पर चलकर जीवन को सरल और शांत बनाया जा सकता है। हमारे जीवन पर हमारे कर्मों और हमारे मनोभावों का पूर्ण प्रभाव पड़ता है। मान सम्मान, प्रतिष्ठा तो सभी चाहते हैं, लेकिन सोचे, हममें ऐसी क्या क्वालिटी है, जो हमे सभी पसंद करें। प्रत्येक प्राणी के प्रति प्रेम और त्याग की भावना ही जीवन को आदर्श बनाता है। उन्होंने एक प्रेरक प्रसंग के माध्यम से संदेश दिया। एक व्यक्ति पहाड़ पर झोपड़ी बनाकर रहता था, बरसात का समय था, उसे दूर से ही दिखाई दिया कि सैलाब उस क्षेत्र की ओर बढ़ रहा है, जहां लोग निवास करते हैं, उन लोगों तक सूचना पहुंचाने का भी समय नहीं था, उनकी जान बचाने का उसे एक ही उपाय सूझा, उसने अपनी झोपड़ी में आग लगा दी।



झोपड़ी जलती देखकर सब उस ओर भागे और इस तरह अपना अहित करके भी उसने सबका भला किया। त्याग और समर्पण करने वाले व्यक्ति के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव स्वतः जागृत हो जाता है। हम धर्म के मर्म को समझें, सिर्फ क्रिया से ही धर्म नहीं होता व्यवहार में भी धर्म दिखाई देना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सुबह ये भावना करें कि हे प्रभु मेरे मन में सभी के लिए प्रेम और मैत्री के भाव आए। संत ऋषभ सागरजी म सा 9 नवंबर को 10.30 बजे बालोद जेल जायेंगे, वहां वे अपना संबोधन देंगे। उक्त जानकारी रूपचंद गोलछा ने दी।

# जीवन में सफलता पाने शिव भक्ति जरूरी





हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अंडा में चल रहे शिव महापुराण कथा में पंचम दिवस सौरभ शर्मा ने कथा में बताया कि आज भी महादेव प्रत्यक्ष दर्शन देते हैं।

महादेव की कथा बताते हुए महाराज ने कहा कि भगवान विद्यापति को जैसे दर्शन दिए वैसे हमको भी दे सकते हैं, पर मन में सरलता होनी चाहिए, जो सरल है वही शिव है। शिव की भक्ति सरलता से करें, सदा अच्छे कर्म करना चाहिए। भगवान शिव को रस के अभिषेक की महत्तमा अमरनाथ नाम कैसे पड़ा, शमी पत्र, बेलपत्र की महत्तमा और प्रागट्य की कथा बताई गई। पण्डित सौरभ शर्मा ने कहा शिव ने सब पर कृपा की, जिसने जो मांगा दिया, इसलिए इनका नाम अवघड़ दानी है। आगे किस प्रकार मंदिर जाने मात्र से हमारे दुख तकलीफ परेशानि मात्र

- शिव कथा के पांचवें दिन कथाकार ने भगवान शंकर को प्राप्त करने के गिनाये उपाए

शिव चौखट प्रणाम करने से भगवान प्रिय गन कीर्तिमुख हरन कर लेते हैं, इसलिए हर व्यक्ति को मंदिर जाना चाहिए। बाबा की कथा अत्यंत आनंद मई है। इस प्रकार शिव राम का सुमिरन करते हैं, करके बच्चों को जनमानस को राम कथा के माध्यम से संस्कार को बताया गया। 9 नवम्बर शनिवार गणेश जन्म, कार्तिकेय जन्म, ताड़कासुर कथा, 10 नवम्बर को पंचाक्षर महिमा, पार्थिव शिवलिंग पूजन यज्ञ, चढ़ौतरी, शिव सहस्त्र नाम पूर्णाहुति की जाएगी। 10 नवम्बर को सिद्ध रूद्रांक्ष वितरण किया जाएगा।

ग्रामीण जन कमलेश चन्द्राकर, रेखा चन्द्राकर , नरेन्द्र चन्द्राकर, प्रवीण चन्द्राकर, अंजू चन्द्राकर, महेंद्र पाण्डेय ,संजय चंद्राकर संकुल समन्वयक निकुम अंडा निवासी, रेणु चन्द्राकर, किरण चन्द्राकर, श्याम सुंदर सिंह, नीरज त्रिपाठी, सतरूपा, झरना , मिनाक्षी, हिमांशु चन्द्राकर, ज्योति चन्दाकर, स्वाति चन्द्राकर, बलदीप साहू, बलीराम देशमुख सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे। संजय चंद्राकर संकुल समन्वयक निकुम ने महाराज को पुष्पगुच्छ देकर और खुमी पहनाकर स्वागत किया।

# सीएमओ के समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने से जनप्रतिनिधि नाराज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडी

नगर पंचायत डौंडी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष देवांगन के समय से कार्यालय नहीं पहुंचने पर सरकारी काम-काज में आ रहे व्यवधान से जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जतायी है। अध्यक्ष सोमेश सोरी, उपाध्यक्ष रुपेश नायक व पार्षदों ने कड़ा एतराज जताते हुए सीएमओ पर कार्यवाही कराने की बात कही। नगर में कई समस्याओं का निराकरण नहीं होने से लोगों में आक्रोश है। सीएमओं पर यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि निकाय द्वारा जल, विद्युत आनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने भी महीनों लगाया जा रहा है।

- आम लोगों का समय पर कार्य नहीं होने से जनप्रतिनिधियों ने जतायी नाराजगी

अध्यक्ष सोमेश सोरी ने कहा कि लगातार शिकायतें आ रही है कि सीएमओ द्वारा नल कनेक्शन, विद्युत कनेक्शन की एनओसी समय से जारी नहीं की जा रही है। इंजीनियर के नहीं होने से बहुत से विकास कार्य भी बंद पड़े हैं। पूर्व में नगर पंचायत का घेराव नगर वासियों द्वारा किया गया। उसका कारण भी अधिकारी की सुस्त कार्य प्रणाली है। नगर में इंजीनियर के नहीं होने की कमी को भी अधिकारी द्वारा पूर्ण करना चाहिए। उपाध्यक्ष रुपेश नायक ने बताया कि नगर पंचायत में पार्षद निधि के टेंडर वर्क आर्डर के बाद भी 2023 के कार्य का अब तक पूर्ण नहीं किया जाना, वहीं स्वच्छता को लेकर भी अधिकारी द्वारा समय-समय पर निरीक्षण नहीं किया जा रहा है। अगर अधिकारी द्वारा अपनी कार्य प्रणाली में सुधार नहीं किया जाता तो हम सभी पार्षदों सहित अध्यक्ष द्वारा उनकी शिकायत विभागीय मंत्री के पास करेंगे। पार्षद ममता जैन द्वारा बताया गया कि सीएमओ द्वारा एनओसी के नाम पर लेनदेन शिकायत भी आती है। वर्तमान में इंजीनियर भी नहीं है। वहीं पूर्व के कार्यों का भी निरीक्षण नहीं किया जाता है। अगर सीएमओ ठीक से कार्य नहीं करेंगे तो हम सब इसकी शिकायत उच्च अधिकारी से करेंगे।



### समन्वय बनाकर कार्य करेंगे

कुछ दिनों पूर्व जिला प्रशासन द्वारा उनकी ड्यूटी गीदावरी कार्यों में लगा दी गई थी। वहीं हाईकोर्ट में भी पेशी की वजह से भी मैं कार्यालय में उपस्थित नहीं दे पाया। निकाय में किसी भी तरह के विकास कार्यों में रूकावटों को दूर किया जाएगा। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित समस्त पार्षदों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करेंगे

- **संतोष देवांगन,** मुख्य नगर पालिका अधिकारी

### प्रवेश पत्र का वितरण प्रारंभ

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा संचालित हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी मुख्य, अवसर,क्रेडिट, आरटीडी का प्रवेश पत्र वितरण 9 नवंबर से किया से जा रहा है। स्कूल के समयानुसार 11 बजे से 4 बजे तक शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडी लोहारा स्कूल में आकर प्राप्त कर सकते हैं। कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा दिनांक 14 नवंबर से प्रारंभ हो रहा है, परीक्षा केंद्र शास बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौडी लोहारा रहेगा।



















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

